## SOI जबलपुर द्वारा स्वामित्व नक्शा में ग्राउण्ड ट्रूथिंग उपरांत नक्शा सुधार हेतु दिशानिर्देश।

———000.———

1. <u>आउटर लाइन</u>

- आबादी के सभी खसरा नंबरों की आउटर लाइन बनाना अनिवार्य है। अपनी रिपोर्ट में ग्राम आबादी के खसरा का रकवा लिखना है।
- कुछ नक्शों में लाल रंग की आउटलाइन छपकर आ रही है उसके अनुसार नक्शे में सुधार नहीं करना है। सीट पर लाल लाइन संबधी चेतावनी दर्ज आ रही है।
- सभी प्लॉट को ग्रीन लाइन अनुसार मिलाना है।
- जिन प्लॉट में बटांकन किये हैं अथवा मर्ज किये हैं उनके नए प्लॉट की आउटलाइन बनाना अनिवार्य है। जिनमें कोई सुधार नहीं किये है उनमें कोई आउटलाइन बनाना आवश्यक नहीं है। प्रत्येक प्लॉट का रास्ता होना अनिवार्य है। यदि किसी निजी प्लॉट के सामने शासकीय रिक्त भूमि पड़ी है जो रास्ते के रूप में उपयोग होती है तो नक्शे पर रास्ता हेतु उसी शासकीय नंबर में से नया प्लॉट बनाना है खाली पड़ी भूमि को रास्ता नहीं माना जावेगा।
- ग्राउण्ड ट्रूथिंग उपरांत प्राप्त नक्शे के साथ प्राप्त प्रथम ROR सूची का अवलोकन कर सभी प्लॉट का योग एक्सेल सीट में करना है तद्नुसार खसरा नंबर के कुल रकवे से मिलान करके आवश्यकतानुसार आउटर लाइन बनाना है जिससे मूल रकवे से मिलान हो सके। 1 h = 10000 m2
- आउटलाइन ग्राम के मूल नक्शे से 8 गुना या आवश्यकतानुसार 9 गुना लगभग करना है। 1 cm = 8 cm
- यदि खसरा नंबर एक साथ जुड़े हुए हैं तो अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख करना है कि किन– किन खसरा नंबरों कौन से प्लॉट दर्ज हैं।

2. <u>विलोपन सूची</u>

- जिन प्लॉट को विलोपित करना है उनका रकवा मिलान करें ताकि मूल आबादी के रकवे से भिन्नता न हो।
- जिस प्लॉट को काटा है उसको ( X ) से चिन्हित करना है।

3. <u>नवीन निर्मित प्लॉट सूची</u>

- नवीन प्लॉट को A- Z तक सूची अनुसार अंकित करना है।

4. <u>विलय सूची,</u>

- जिन प्लॉट को आपस में मर्ज किया है उनमें = अथवा + का निशान नक्शे पर अनिवार्य बनाना है। मर्ज होने के उपरांत नए प्लॉट की स्पष्ट आउटर लाइन बनाना है।

5. प्रस्तावित बटांक सूची

- जिन प्लॉट में बटांकन हुए हैं उनमें नक्शे पर बटा नंबर डालना है। उसी अनुसार रिपोर्ट में बटा नंबर दर्ज होना अनिवार्य है।
- यदि बटा नंबर किसी अन्य प्लॉट से मर्ज है तो सूची में दर्ज बटा एवं नक्शे में दर्ज बटा नंबर स्पष्ट एवं समान हो। रिपोर्ट से भिन्नता न हो।

6. शासकीय नंबर

- खाली पड़ी भूमि को शासकीय मानते हुए उनमें बटांकन नहीं करना है। यदि सीमा मिल रही है तो दोनों को एक ही नंबर बनाना है।
- बाउन्ड्री के अंदर कोई जगह खाली नहीं छोड़ना है या तो उसे मौका कब्जा अनुसार किसी प्लॉट में जोड़ना है या उसे नवीन नंबर देना है

7. अन्य

- यदि नक्शे में सुधार हेतु व्हाइटनर का प्रयोग हो तो नक्शे पर एवं रिपोर्ट में टीप दर्ज करें
- पटवारी अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें जो आवश्यकतानुसार उपलब्ध हो।

| Sno. | ग्राम का नाम | LGD Code | खसरा संख्या | रकवा हे. में | नक्शा प्लॉट संख्या | वर्तमान रकवा प्लॉट योग | अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DATIA | 475661 | 149 | 1.03 (10300) | 01 se 20 | 8773 | 1527 |
| | | | 188 | 2.40 (24000) | 21 se 130 | 24471 | -471 |